PWD
Uttarakhand

कार्यालय–अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग लोहाघाट (चम्पावत)
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CONST. DIVISION, P.W.D.
LOHAGHAT (CHAMPAWAT)
Phone N0- 05965234525 E-Mail- eepwdlohaghat@rediffmail.co

पत्रांकः– / दिनांक / 07 /2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।

विषयः– जनपद चम्पावत में विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट विकास खण्ड बाराकोट के अन्तर्गत सुतेडा जमरेडी व क्रान्तेश्वर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.760 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यार्वतन (0nline no. FP/UK/ROAD/42256/2019) की आपत्तियों के निराकरण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपके पत्रांक 4036/12–1 चम्पावत, दिनांक 08.05.2023.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून, 25 सुभाष रोड़ देहरादून के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के द्वारा प्रस्ताव में कुछ त्रुटियॉ पाई गयी थी। जिसके 05 बिन्दुओं पर इस कार्यालय के पत्रांक संख्या 550/20 सी0 दिनांक 26.04.2023 के द्वारा आपात्तियों का निराकरण किया जा चुका था। जिसके उपरान्त आपके उपरोक्त सन्दभित पत्र के माध्यम से 2 बिन्दुओं पर पुनः त्रुटियों के निराकरण हेतु लिखा गया था। त्रुटियों का बिन्दुवार निराकरण निम्नवत है।

| क्रम संख्या | प्रस्ताव में पाई गयी आपत्तियॉ | आपत्तियों का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | The information related to alternate examination is not filled in online part-I at para –D. The state govt.is requested to fill the information in this regard. | प्रस्ताव के ऑन लाईन भाग–1 पैरा–डी में वैकल्पिक समरेखण से सम्बन्धित वॉछित सूचना एवं मार्ग के वैकल्पिक समरेखण से सम्बन्धित साफ मानचित्र को पुनः अपलोड कर दिया गया है। (संलग्न –1) |
| 2 | The state Govt. Has uploaded the CA area against the KML of diversion area in online part –I. The state Govt. Is requested to provide the KML of diversion area showing location of villages to the benefitted and alternate alignmant. | मार्ग के स्वीकृत समरेखण की KML को ऑन लाईन के भाग–1 में सही स्थान में अपलोड कर दिया गया है। (संलग्न –2) |

अतः अनुरोध है कि प्रकरण को अपने स्तर से उच्चाधिकारियों को अग्रसारित करने का कष्ट करें। ताकि प्रकरण का निस्तारण स–समय किया जा सके।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार संलग्नक–5 न0 प्रतियों में।

मार्ग के kml की सी0 डी0 –01 न0

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0
लोहाघाट, जिला चम्पावत।

पत्रांक ......1126....... / 20 सी0 दिनांक 27 / 7 / 2023

प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी, जिला चम्पावत, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, लो0नि0वि0 पिथौरागढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0 लोहाघाट को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– खण्डीय अमीन, लो0 नि0 वि0 लोहाघाट को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0
लोहाघाट, जिला चम्पावत।

# प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकास खण्ड बाराकोट में सुतेड़ा जमरेड़ी कान्तेश्वर मोटर मार्ग के निर्माण में ग्राम सुतेड़ा एवं जमरेड़ी की अधिकांश आबादी लाभान्वित हो रही है।

उक्त मार्ग के निर्माण से उपरोक्त ग्रामों का धार्मिक स्थल ''क्रान्तेश्वर मन्दिर'' मोटर मार्ग से जुड़ जायेगा। जिसमें स्थानीय जनता के साथ–साथ देश–विदेश में रहने वाले स्थानीय नागरिकों की आस्था जुड़ी हुयी है, साथ ही भारत–नेपाल सीमा के समीप होने के कारण सामरिक दृष्टि से भी उक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

उपरोक्त के अतिरिक्त बाराकोट ब्लॉक के चामी क्षेत्र के लगभग 15–20 गॉवों के मृतकों के दाह–संस्कार हेतु वर्तमान में 50 कि.मी. की दूरी घूम कर क्रान्तेश्वर घाट में जाना पड़ रहा है। मार्ग के निर्माण से उक्त दूरी मात्र 10 कि.मी. ही रह जायेगी।

स्थानीय जनता की मांग व सामरिक दृष्टि से उक्त मार्ग का निर्माण किया जाना उचित प्रतीत होता है।

सहायक अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
लोहाघाट।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
लोहाघाट।

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।

Email-dfo_champawat@rediffmail.com

पत्रांक 4036 / 12-1 चम्पावत, दिनांक 18-5- 2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
लोहाघाट।

विषयः– **जनपद चम्पावत में विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट विकासखण्ड बाराकोट के अन्तर्गत सुतेड़ा जमरेड़ी व क्रान्तेश्वर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.760 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में। (Online No-FP/UK /ROAD /42256/ 2019)**

संदर्भः– **आपकी पत्र संख्या 550 / 20 सी0 दिनांक 26.04.2023।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में आपके द्वारा प्रश्नगत मोटर मार्ग के प्रस्ताव में भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, देहरादून की पत्र सं0 8बी / यू.सी. पी / 06 / 083 / 2022 / एफ0सी0 / 1352,, दिनांक 12.01.2023 द्वारा लगाई गई आपत्ति का निराकरण कर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराई गई है। जिसके बिन्दु संख्या–1 "The information related to alternate examination is not filled in online Part-I at para-D. The state govt. is requested to fill the information in this regard." में आपके द्वारा अपलोड किये गये संरेखण के मैप अस्पष्ट हैं। तथा बिन्दु संख्या–4 "The state Govt.Has uploaded the CA area against the KML of diversion area in online part-I The state Govt. is requested to provide the KML of diversion area showing location of villages to the benefitted and alternate alignment." जिसमे आपके द्वारा पुनः वैकल्पिक संरेखण के के0एम0एल0 फाईल अपलोड की गई है।

अतः आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव मूल में लौटाये जा रहे है। उपरोक्त आपत्तियों का निराकरण कर प्रस्ताव पांच प्रतियों में शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे। जिससे प्रस्ताव सैद्धान्तिक सवीकृति हेतु ससमय उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार 5 प्रतियों में एवं के0एम0एल0 की सी0डी0।**

भवदीय,

(आर.सी.काण्डपाल)
प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।

पत्रांक / दिनांकित।

**प्रतिलिपिः**– जिलाधिकारी महोदय चम्पावत को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।